मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 16/01/2026

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति: 34/2026
16 जनवरी 2026
रांची/ यूके
=================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन यूनाइटेड किंगडम के आगामी आधिकारिक यात्रा के क्रम में 23 जनवरी 2026 को शाम पांच बजे विश्व विख्यात ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के ब्लावटनिक स्कूल ऑफ़ गवर्नमेंट में “आदिवासी बहुल, संसाधन-समृद्ध राज्य टिकाऊ और हरित औद्योगीकरण, जिम्मेदार खनिज आधारित विनिर्माण और समावेशी, निवेश-आधारित विकास को कैसे आगे बढ़ा सकता है” विषय पर अपनी बात रखेंगे। मुख्यमंत्री के साथ इस विषय पर अल्पा शाह ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में सामाजिक मानवशास्त्र की प्रोफेसर और ऑल सोल्स कॉलेज की फेलो एवं माया ट्यूडर ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के ब्लावटनिक स्कूल ऑफ गवर्नमेंट में राजनीति और लोक नीति की प्रोफेसर बात करेंगी। “प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण विकास की दृष्टि” के अनुरूप उपरोक्त विषय पर चर्चा होगी।

https://x.com/hemantsorenjmm/status/2012136692153811180?s=46
###
==================
#TeamPRD(CMO)